तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 जुलाई 2026

13 गुरु पूर्णिमा पर जिलेभर में उमड़ी आस्था, मंदिरों-विद्यालयों में ...



14 लगातार बारिश से धमतरी जलमग्न, वार्डों में जनजीवन प्रभावित





## खबर संक्षेप

### बाइक की ठोकर से वृद्ध की मौत

**धमतरी।** बाइक में पीछे बैठकर मण्डी में काम करने जा रहे हमाल को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। इस हादसे में गंभीर चोट लगने से वृद्ध की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रामआसरा कंवर पिता सुखुराम उम्र 59 वर्ष ग्राम कन्हारपुरी थाना गुरूर निवासी कुरूद के मण्डी में हमाली का काम करता था। मंगलवार को वृद्ध ग्राम भुसरेंगा निवासी परिचित की मोटरसाइकिल में बैठकर कुरूद मण्डी जा रहा था। इसी दौरान कुरूद के सांधा चौक के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के चालक ने सामने जा रहे बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार रामआसरा व चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिये कुरूद अस्पताल ले गये। जहां से रिफर करने पर सूचना पर अस्पताल पहुंचे पुत्र कामता कंवर ने घायल वृद्ध को उपचार के लिये धमतरी लाकर श्रीराम अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान घायल वृद्ध की मंगलवार की देर रात्रि मौत हो गई। चौकी पुलिस ने बुधवार को पंचनामा की कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं दूसरे घायल का अस्पताल में उपचार जारी है।

संयुक्त टीमें वार्डों में कर रहीं घर-घर सर्वे, पात्र परिवारों को मिलेगा भूमि अधिकार

# पट्टा सर्वे से 3,500 परिवारों को मालिकाना हक की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नगर निगम क्षेत्र में वर्षों से बिना पट्टे के निवास कर रहे परिवारों के लिए राहत की उम्मीद दिखाई देने लगी है। राज्य शासन के निर्देश पर नगर निगम और राजस्व विभाग की संयुक्त टीमें विभिन्न वार्डों में घर-घर पहुंचकर सर्वे कर रही हैं। इस अभियान का उद्देश्य ऐसे पात्र परिवारों की पहचान कर उन्हें भूमि का वैध अधिकार दिलाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। सर्वे शुरू होने से लंबे समय से मालिकाना हक का इंतजार कर रहे लोगों में उत्साह का माहौल है।

नगर निगम और राजस्व विभाग की अलग-अलग संयुक्त टीमें शहर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर पट्टा विहीन परिवारों का विस्तृत सर्वे कर रही हैं। सर्वे के दौरान परिवारों की जानकारी, निवास की अवधि तथा भूमि पर उनके कब्जे से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण किया जा रहा है।

वार्डवासी भुनेश्वर निषाद, भूषण ध्रुव, कमला बाई ध्रुव, कुमारी बाई सोनकर, सावित्री निषाद और अंबिका साहू सहित अनेक लोगों ने बताया कि लंबे समय से पट्टे के अभाव में वे कई सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिलने से आज भी कई परिवार कच्चे और जर्जर मकानों में रहने को विवश हैं। लोगों का कहना है कि यदि उन्हें भूमि का अधिकार मिल जाता है तो स्थायी आवास का सपना भी पूरा हो सकेगा।

जानकारी के अनुसार नगर निगम क्षेत्र में लगभग 3,500 ऐसे परिवार हैं, जो वर्षों से बिना पट्टे के निवास कर रहे हैं। सर्वे पूरा होने के बाद पात्र हितग्राहियों के नामों का सत्यापन किया जाएगा और नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी होती है तो हजारों परिवारों को भूमि का वैध अधिकार मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिल सकेगा।

### वर्षों पुरानी मांग को मिला नया आधार

शहर में पट्टा वितरण की मांग लंबे समय से उठती रही है। जरूरतमंद परिवारों और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पूर्व में कई बार प्रदर्शन और ज्ञापन देकर सरकार का ध्यान इस ओर आकर्षित किया गया था, लेकिन अपेक्षित पहल नहीं हो सकी। अब वर्तमान राज्य शासन द्वारा सर्वे अभियान शुरू किए जाने से लोगों में नई उम्मीद जागी है।

सामान्य से कम बारिश के अंतर को पाटकर 107 फीसदी बारिश का रिकार्ड दर्ज

# गंगरेल बांध में 30 हजार क्यूसेक पानी की आवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में हो रही भारी बारिश से नदी-नाले उफान पर आ गए है। महानदी परियोजना के सभी बांधों में पानी की आवक तेज हो गई है। हालत ऐसी है कि सिंचाई विभाग को सोंढूर और दुधावा बांध का गेट खोलना पड़ा। बुधवार शाम 5 बजे की स्थिति में गंगरेल बांध में पानी की आवक 30 हजार क्यूसेक से अधिक दर्ज की गई है। गंगरेल बांध में 50 फीसदी से अधिक जलभराव हो गया है।

मंगलवार सुबह 8 बजे से बुधवार सुबह 8 बजे तक जिले में 90.8 मिमी भारी बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। वहीं बुधवार को दिनभर रूक-रूककर मूसलाधार बारिश होती रही। इसी के साथ सामान्य वर्षा के आंकड़े को पीछे छोड़ते हुए औसत से 107 फीसदी बारिश हो गई है। सबसे अधिक बारिश कुकरेल तहसील में हुई है। 24 घंटे में यहां 105 मिमी, मगरलोड में 100.8, बेलरगांव में 100 मिमी, नगरी में 96 मिमी, कुरुद में 85.8 मिमी तथा सबसे कम बारिश भखारा में 55 मिमी दर्ज की गई है। 1 जून से अब तक जिले में 558.9 मिमी बारिश हो चुकी है जबकि सामान्य वर्षा 29 जुलाई तक 523.2 मिमी है। कहा जा रहा है कि अलनीनो की वजह से सूखे की संभावना पर फिलहाल विराम लग गया है।

### दुधावा के गेट खुले

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोंढूर जलाशय के सभी पांच गेट खोल दिए गए हैं। जहां मुख्य नदी में 5635 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही सोंढूर नदी किनारे वाले क्षेत्र के ग्रामीणों को अलर्ट जारी किया गया है। बताया जा रहा है कि सोंढूर जलाशय में 15256 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है। उधर दुधावा जलाशय से भी गंगरेल बांध के लिए पानी छोड़ा जा रहा है।

### गंगरेल बांध 50 फीसदी से अधिक भरा

गंगरेल बांध के कैचमेंट एरिया में भारी बारिश हुई है। जिससे बांध में पानी की आवक एकाएक बढ़ गई है। बुधवार शाम 5 बजे गंगरेल में पानी की आवक 30150 क्यूसेक दर्ज की गई है जो इस वर्षाकाल का सबसे अधिक पानी की आवक है। गंगरेल कंट्रोल रुम से प्राप्त जानकारी के अनुसार कैचमेंट एरिया में हो रही बारिश से गंगरेल बांध में पानी की आवक और बढ़ सकती है। बांध में 19 टीएमसी जलभराव होने के साथ 50 प्रतिशत से अधिक पानी भर चुका है।

### सोंढूर बांध के पांच गेट खोले गए



**नगरी।** सोंढूर जलाशय के कैचमेंट क्षेत्र में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण जलाशय में पानी की आवक तेजी से बढ़ रही है। वर्तमान में जलाशय में लगभग 15, 256 क्यूसेक पानी की आवक दर्ज की गई है, जो लगातार बढ़ती जा रही है। स्थिति को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश पर सोंढूर बांध के चार गेट खोलकर 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार यदि जलाशय में पानी की आवक इसी प्रकार बनी रही, तो आवश्यकता अनुसार छोड़े जाने वाले पानी की मात्रा में और वृद्धि की जा सकती है। अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) ने बताया कि एहतियात के तौर पर सोंढूर नदी के किनारे बसे सभी गांवों को अलर्ट कर दिया गया है। संबंधित ग्राम पंचायतों, राजस्व एवं प्रशासनिक अमले को सतर्क रहने तथा नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने नदी किनारे रहने वाले लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से नदी के पास न जाएं, बच्चों को नदी किनारे खेलने न भेजें तथा मछली पकड़ने, नहाने या अन्य गतिविधियों से बचें। किसी भी आपात स्थिति में तत्काल स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस को सूचना देने कहा गया है।

■ पांच हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, नदी किनारे के गांवों के लिए अलर्ट जारी

## नदी-नालों के किनारे रहने वाले सतर्क रहें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में लगातार हो रही भारी वर्षा के कारण सोंढूर, दुधावा एवं गंगरेल जलाशयों के कैचमेंट क्षेत्रों में जल की आवक तेजी से बढ़ रही है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जलाशयों, नदी-नालों एवं जल प्रवाह वाले क्षेत्रों के आसपास निवासरत नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि कोई भी व्यक्ति तेज बहाव वाले पानी को पार करने का प्रयास न करे तथा जलाशयों एवं नदी-नालों के किनारे अनावश्यक आवाजाही से बचें। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों तथा पशुपालकों से अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर विश्वास न करें तथा केवल जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं का ही पालन करें।

## आज शाला प्रवेशोत्सव में शामिल होंगे प्रभारी मंत्री



**धमतरी।** जिलास्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन आज 30 जुलाई को प्रातः 11 बजे मराठा मंगल भवन धमतरी में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के राजस्व एवं जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ पौधरोपण के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात नवप्रवेशी विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें एवं शाला गणवेश का वितरण किया जाएगा। पात्र छात्राओं को साइकिलें तथा दिव्यांग विद्यार्थियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक सामग्री (किट) प्रदान की जाएगी।



## खबर संक्षेप



### वेटलिफ्टिंग स्पर्धा में गीतांजलि एवं तेजस्वी का चयन

**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी के विद्यार्थियों गीतांजलि सिन्हा एवं तेजस्वी साहू का संभाग स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर विद्यालय में हर्ष है। विद्यालय में दोनों विद्यार्थियों का सम्मान कर उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। जिलास्तरीय आयोजन ग्राम मंदरौद में हुआ जिसमें गीतांजलि सिन्हा, तेजस्वी साहू, गीतांजलि निषाद और हसीना साहू ने सहभागिता की। क्रीड़ा शिक्षक गीतेश्वर सिंह साहू ने कहा कि अनुशासन, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास ही सफलता की कुंजी है। अवधराम साहू ने कहा कि निरंतर मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। प्राचार्य कोमलसिंह साहू ने इसे पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय बताया। सुशील कुमार साहू, बृजेश कुमार देवांगन, यामिनी गायकवाड़, मधु सिंह, रूक्मणि बंछोर, भावना ठाकुर, दुर्गा सिन्हा, जितेन्द्र सुकुमार, पुनेश्वर प्रजापति, हर्षल चंद्राकर, चंद्रा साहू, चंद्रप्रकाश साहू और दुर्गेश धनकर ने भी हर्ष जताया है।

## निधन

### सुशीलाबाई कंवर



**मगरलोड।** ग्राम सोनपैरी निवासी सुशीला बाई कंवर उम्र 66 वर्ष का निधन 28 जुलाई मंगलवार को निधन हो गया। वे तीजूराम भगत की पत्नी थी। अंतिम संस्कार में ग्रामवासी शामिल हुए।

### मयंक वैष्णव



**मगरलोड।** ग्राम परखंदा निवासी मुरारी वैष्णव एवं श्रीमती सरोज वैष्णव के पुत्र मयंक वैष्णव का आकस्मिक निधन 26 जुलाई रविवार को हो गया। उनके निधन से परिवार और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन और स्वजन उपस्थित हुए।

### भाऊराम साहू



**मगरलोड।** ग्राम बानगर निवासी भाऊराम साहू का 28 जुलाई मंगलवार को निधन हो गया। वे मैनाबाई साहू के पति थे। अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे वीरेंद्र-मंजुलता साहू, चूड़ामणि-अनुराधा साहू, शैल-लोकेश्वर साहू और समाधान स्कूल करेली बड़ी प्रधानपाठक सीएम साहू के पिताजी थे। उनके निधन पर प्रेमनारायण, लक्ष्मण, खूबलाल, रामेश्वर, रोहित, चेतन, पंकज ने उन्हें अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मिला पक्का मकान : अब पानी टपकने या दीवारों में सीलन की चिंता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मगरलोड विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सांकरा निवासी भगवानी का भी वर्षों पुराना सपना ऐसा ही था जिसे प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) ने साकार कर दिया। भगवानी अपने परिवार के साथ लंबे समय तक एक कच्चे एवं जर्जर मकान में निवास करते थे। उनका घर समय के साथ काफी कमजोर हो चुका था।

बरसात के दिनों में छत से लगातार पानी टपकता था जिससे घर के भीतर पानी भर जाता और दीवारों में सीलन आ जाती थी। तेज बारिश और आंधी-तूफान के समय परिवार को हमेशा इस बात की चिंता रहती थी कि कहीं मकान को कोई नुकसान न हो जाए। गर्मी के मौसम में कच्चा मकान अत्यधिक गर्म हो जाता था जबकि सर्दियों में पर्याप्त सुरक्षा नहीं मिल पाती थी। इन कठिन परिस्थितियों के बीच परिवार का जीवन निरंतर संघर्षपूर्ण बना हुआ था। शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उन्हें आवास निर्माण के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई गई। साथ ही निर्माण कार्य के प्रत्येक चरण में तकनीकी मार्गदर्शन तथा ग्राम पंचायत का सतत सहयोग प्राप्त हुआ। इससे उन्होंने निर्धारित मानकों के अनुरुप गुणवत्तापूर्ण और मजबूत पक्का मकान तैयार किया। नए पक्के घर में प्रवेश करने के बाद उनके परिवार के जीवन में अनेक सकारात्मक परिवर्तन आए हैं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना ने साकार किया भगवानी का सपना



### वर्षों पुराना सपना हुआ साकार

आर्थिक स्थिति सामान्य होने के कारण भगवानी स्वयं पक्का मकान बनाने में सक्षम नहीं थे। सीमित आय से परिवार की दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना ही उनके लिए बड़ी चुनौती थी। ऐसे में पक्का घर बनाना उनके लिए केवल एक सपना बनकर रह गया था। फिर भी वे आशा नहीं छोड़ते थे और किसी न किसी दिन अपने परिवार के लिए सुरक्षित आवास मिलने की उम्मीद बनाए हुए थे। वर्ष 2024-25 में उनके जीवन में एक नई सुबह तब आयी जब उनका चयन प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत हुआ। योजना की स्वीकृति मिलने के बाद उनके वर्षों पुराने सपने को साकार होने का मार्ग मिल गया।

### पांच वर्ष बाद सबसे तेज बारिश, नगरी-सिहावा में हाई अलर्ट, कई जगह पेड़ और बिजली के पोल गिरे

# बारिश से नदी-नाले उफान पर, कई मार्ग हुए बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

जिले के नगरी-सिहावा अंचल में करीब पांच वर्ष बाद हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। लगातार हो रही वर्षा के कारण क्षेत्र की अधिकांश नदियां, नाले, एनीकट और पुल-पुलियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। कई स्थानों पर पानी पुलों के ऊपर से बहने की स्थिति बन गई है। अंचल के खेत खलिहान पूरी तरह जलमग्न हो गया है। दूर-दूर तक पानी दिखाई दे रहा है। प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी करते हुए लोगों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं।

लगातार बारिश के कारण कई मुख्य मार्गों पर बड़े-बड़े पेड़ गिर गए हैं तथा कई स्थानों पर बिजली के पोल भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इससे आवागमन प्रभावित हुआ है और कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति भी बाधित होने की सूचना है। सुरक्षा की दृष्टि से कई पुल और एनीकट पर बैरिकेडिंग कर लोगों की आवाजाही अस्थायी रूप से रोक दी गई है।







### प्रशासन व पुलिस की संयुक्त टीम पूरी रात रही मुस्तैद



एसडीएम प्रीति दुर्गम के नेतृत्व में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम लगातार क्षेत्र का निरीक्षण कर रही है। कर्णेश्वर एनीकट सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर प्रशासन और पुलिस की टीम चौबीसों घंटे तैनात है तथा जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। रात्रि से लगातार बढ़ रहे जलस्तर को देखते हुए सिहावा के मुख्य पुल पर भी विशेष निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन ने पुल के दोनों ओर बैरिकेडिंग कर दी है और पुलिस कर्मी किसी भी व्यक्ति को उफनते पुल, नदी या नालों को पार नहीं करने दे रहे हैं। साथ ही लोगों को समझाइश दी जा रही है कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किसी भी प्रकार का जोखिम न उठाएं।

### स्थिति पर लगातार निगरानी

प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक यात्रा से बचें, नदी-नालों, एनीकट और पुलों के समीप न जाएं तथा केवल प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का ही पालन करें। मौसम विभाग ने आगामी समय में भी वर्षा की संभावना जताई है, जिसे देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है।

# तीन दिन की बारिश से खेत खलिहान लबालब, मेघा एनीकट बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

सावन माह से पहले क्षेत्र में तीन दिनों से हो रही बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण कई गांव में आने-जाने का रास्ता बंद हो गया है। लगातार बारिश से पानी सड़कों के ऊपर से गुजर रहा है। मेघा एनीकट के ऊपर से पानी तेज बहाव से निकल रहा है जिसके चलते रास्ता बंद हो गया है।





बारिश से खेत खलिहान लबालब हो गए है। खेत तालाब में तब्दील हो गए हैं। फसल पानी में डूब गई है। इससे किसान चिंतित में पड़ गए है। अरौद, मेघा, करेली छोटी, लुगे, बेलोरा के खेतों में लबालब पानी भरा है।

### भारी बारिश से बहा वैकल्पिक पुल



**मगरलोड।** ब्लाक के ग्राम सोनारिनदैहान को पंचायत पठार से जोड़ने वाला वैकल्पिक पुल भारी बारिश के कारण बह गया। इससे मार्ग बंद हो गया है।

# नगरी अंचल के पहले एसपी बने माहेश्वर नाग

- जवाहर नवोदय विद्यालय से एसपी बनने तक संघर्ष भरा रहा सफर

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा/नगरी

ग्राम नगरी निवासी माहेश्वर नाग पुलिस विभाग में पदोन्नत होकर पुलिस अधीक्षक (एसपी) बने हैं। वे नगरी अंचल से इस पद तक पहुंचने वाले पहले अधिकारी हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र और साहू समाज में हर्ष का माहौल है।

सन 1979 में ग्राम नगरी में जन्मे माहेश्वर नाग बचपन से ही प्रतिभाशाली छात्र रहे। कक्षा पांचवीं में उनका चयन जवाहर नवोदय विद्यालय माना कैंप में हुआ। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर से बीएससी तथा विश्वविद्यालय से एंथ्रोपोलॉजी में एमएससी की पढ़ाई पूरी की। महज 23 वर्ष की आयु में उन्होंने एसएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) में सब-इंस्पेक्टर के पद पर चयन प्राप्त किया। हैदराबाद और उदयपुर में सेवाएं देने के दौरान उन्होंने वर्ष 2007 में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण कर उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के पद पर चयन हासिल किया।

अपने पुलिस सेवा के दौरान उन्होंने एसडीओपी अंबागढ़ चौकी, सीएसपी दल्लीराजहरा, एसडीओपी भानुप्रतापपुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) कोंडागांव, कवर्धा, एंटी करप्शन ब्यूरो रायपुर, रायगढ़, सारंगढ़ और बस्तर सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दीं। बस्तर में पदस्थापना के दौरान उन्हें पदोन्नति मिली और वर्तमान में वे माना पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में पुलिस अधीक्षक (एसपी) के रूप में कार्यरत हैं। माहेश्वर नाग के पिता अमृत लाल नाग तथा माता तुलसी देवी नाग हैं। उनके बड़े भाई रुद्रप्रताप नाग ने उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया है। परिवार के साथ-साथ पूरे नगरी अंचल और साहू समाज में खुशी का माहौल है।



### खेल, संगीत और लेखन में भी रखते हैं विशेष रुचि

प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ माहेश्वर नाग की रुचि फुटबॉल खेलने, जिम जाने, गायन और फिल्मों की कहानी लेखन में भी है। यातायात जागरूकता पर बनाई गई उनकी लघु फिल्म को राष्ट्रीय शॉर्ट फिल्म फेयर अवार्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी यह उपलब्धि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत मानी जा रही है।

# ऑनलाइन उपस्थिति के आधार पर वेतन काटने के आदेश का विरोध

- छग शिक्षक संघ ने विएसके ऐप में बताई तकनीकी खामियां

**नगरी।** छग शिक्षक संघ ने लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा जारी आदेश ऑनलाइन विएसके (विद्या समीक्षा केंद्र) ऐप में दर्ज उपस्थिति के आधार पर शिक्षकों एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों का वेतन आहरित किए जाने संबंधी आदेश का कड़ा विरोध किया है। संघ का कहना है कि विभाग ने विएसके ऐप की वास्तविक स्थिति एवं उसकी गंभीर तकनीकी कमियों को नजरअंदाज करते हुए यह अव्यावहारिक निर्णय लिया है।

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी एवं महामंत्री मनोज राय ने कहा कि प्रदेश के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्र में आज भी नेटवर्क की गंभीर समस्या बनी हुई है। अनेक विद्यालयों में शिक्षक समय पर उपस्थित होने के बावजूद ऐप में लोकेशन इरर अथवा शाला से दूरी जैसी त्रुटियां प्रदर्शित होती हैं। कई बार चेक-इन करने के बाद भी उपस्थिति दर्ज नहीं होती तथा शाम को चेक-आउट करते समय ऐप पुनः चेक-इन करने का संदेश देता है। ऐसी तकनीकी खामियों के कारण शिक्षकों की उपस्थिति सही ढंग से दर्ज नहीं हो पाती। संघ का कहना है कि जब तक विएसके ऐप पूर्णतः तकनीकी रूप से सक्षम एवं त्रुटिरहित नहीं हो जाता, तब तक उसके आधार पर वेतन भुगतान या वेतन रोकने जैसी कार्रवाई करना पूरी तरह अनुचित एवं अन्यायपूर्ण है।

ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र कुमार बोरझा ने कहा कि शासन को सबसे पहले विएसके ऐप में चेक-इन एवं चेक-आउट से संबंधित तकनीकी समस्याओं का स्थायी समाधान करना चाहिए। इसके बाद ही इस व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया जाना चाहिए।

## अंचल की खबरें

### तुमड़ीबहार-ठेनही मार्ग पर गिरा पेड़



**नगरी।** लगातार बारिश के कारण तुमड़ीबहार और ठेनही मार्ग पर एक बड़ा पेड़ गिर गया है। इससे आने-जाने में परेशानी हो रही है।

### कोण्डापार स्कूल में छात्रसंघ ने ली शपथ, पौधे भी रोपे



**जीजामगांव।** शासकीय हाईस्कूल कोण्डापार में छात्रसंघ का शपथ ग्रहण एवं पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य श्रीमती गौरीकांता साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लोकेश साहू एवं कुंदन साहू ने छात्रसंघ को शपथ दिलाई गई। शालाध्यक्ष के रूप में यामिनी यादव, उपाध्यक्ष वंदना साहू, सचिव विश्वनाथ साहू और उपसचिव साकेत साहू ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। अमरूद, सीताफल, आम, जामुन, नीम के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर अध्यक्ष लोकेश साहू व प्राचार्य श्रीमती गौरीकान्ता साहू ने अपने विचार रखे।

### बच्चों के उत्साह और संवाद ने जीता दिल



**नगरी।** छग राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा ग्राम घठुला के शासकीय हाईस्कूल में बाल चौपाल 2.0 का आयोजन किया गया। रिमझिम बारिश के बीच आयोजित इस बाल चौपाल में बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के समक्ष अपनी बातें रखीं और विभिन्न विषयों पर खुलकर संवाद किया। मौके पर मन की बात सहप्रभारी प्रेमलता नागवंशी, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, भाजपा बेलरगांव मंडल अध्यक्ष हुमित लिमजा, मंडल सह प्रभारी राकेश चौबे, महामंत्री मोनू साहू, दीपक साहू, चित्रांश नागवंशी, हृदय साहू, नरसिंग मरकाम, मौर्यध्वज सेन, आयुष दीवान, पन्नालाल मरकाम, राजेश गोसाई, कलावती मंडावी समेत अन्य मौजूद रहे।

- घठुला स्कूल में रिमझिम बारिश के बीच सजी बाल चौपाल

### मिश्रित पौधरोपण से हरियाली के साथ आजीविका की नई राह

**धमतरी।** जिले के कुरुद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गुदगुदा में प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली है। 6 एकड़ भूमि पर किए गए मिश्रित वृक्षारोपण कार्य से बंजर भूमि को हरियाली में बदलने का कार्य किया है वहीं स्थानीय महिलाओं के लिए आजीविका का एक स्थायी मॉडल भी तैयार किया है। इस कार्य का संचालन जय मां कर्मा, जय मां गंगा, जय मां आध्या स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है जिसने सामूहिक प्रयास, मेहनत और नवाचार के माध्यम से इस परियोजना को सफलता की मिसाल बना दिया है। इस परियोजना के अंतर्गत कुल 1710 पौधों का रोपण किया गया। मिश्रित वृक्षारोपण के कारण क्षेत्र में जैव विविधता को बढ़ावा मिला है तथा विभिन्न प्रकार के वृक्ष भविष्य में पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता और जल संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## यह कार्यक्रम जन-जन को जोड़ने और राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाने का मंच है : बैस

# भाजपाइयों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात बेलरगांव मंडल के पूर्व मंडल अध्यक्ष शेखर आडिल के घर में सुनी गई। प्रधानमंत्री ने 136वें एपिसोड में देश के कोने-कोने से आई प्रेरणादायक कहानियों को साझा किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण, नशा मुक्ति और वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने पर विशेष बल दिया। पीएम ने युवाओं से स्टार्टअप और नवाचार से जुड़ने, महिलाओं से आत्मनिर्भर बनने और किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम सुनने के बाद ग्रामीणों ने कहा कि मन की बात के माध्यम से हमें देशभर की सकारात्मक खबरें और नए विचार मिलते हैं। इससे गांव के विकास में भी प्रेरणा मिलती है। महिला समूह की सदस्यों ने पीएम द्वारा महिला सशक्तिकरण पर कही गई बातों की सराहना की।




भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि मन की बात सिर्फ एक रेडियो कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह जन-जन को जोड़ने और राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाने का मंच है। मौके पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहन पुजारी, मंडल महामंत्री दीपक, पूर्व मंडल अध्यक्ष शेखर आडिल, मीडिया प्रभारी उमेंद्र दीवान, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मौर्यध्वज सेन, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लीलेश प्रजापति, जिला कार्यसमिति सदस्य सीमा देवांगन, बूथ अध्यक्ष घनश्याम आडिल, पूर्व सरपंच रमेश नेताम सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### गाय को राज्य माता घोषित कराने हस्ताक्षर अभियान

**भानुप्रतापपुर।** गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने, गौमाता की हत्या बंद करने, गौ तस्कर गाड़ी को राजसात करने, गौ हत्या करते पाएं जाने पर हत्या का मामला दर्ज करने, गांव गांव स्थित गौठान को गौशाला का नाम देकर घुमंतू पशुओ को सुरक्षित रखने एवं कलेक्टर रेट पर दो कर्मचारी नियुक्त करने की माँग को लेकर शिव सेना ने ग्राम कच्चे के बजार में स्टाल लगाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस अवसर पर शिवसेना के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बाजार से स्कूटी की चोरी, मामला दर्ज



**भानुप्रतापपुर।** विकासखंड मुख्यालय की सीमा से लगे ग्राम संबलपुर की बाजार से होंडा एक्टिवा स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। नयापारा निवासी गीता कुलदीप ने थाना भानुप्रतापपुर में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 22 जुलाई की शाम उनके पिता प्रीतराम नेताम स्कूटी क्रमांक सीजी 19 बीजी 3492 से बाजार गए थे। खरीदारी के बाद लौटने पर स्कूटी गायब मिली। अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरी हुई स्कूटी की कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है।

### ऑनलाइन सट्टा, 6.88 लाख होल्ड तीन आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

**कांकेर।** मोबाइल फोन के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा संचालित करने वाले तीन आरोपियों को भानुप्रतापपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार मोबाइल फोन जप्त किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 2.50 लाख रुपए बताई गई है, वहीं आरोपियों के बैंक खातों में जमा 6.88 लाख रुपये की राशि को होल्ड कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 जुलाई को पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली थी कि बसंत नगर नारायणपुर क्षेत्र में कुछ लोग मोबाइल फोन के माध्यम से अलग-अलग अंकों पर रुपये-पैसों का दांव लगवाकर अधिक लाभ का प्रलोभन देकर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहे हैं। जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

# कुत्तों से लोग परेशान, 2 करोड़ से 10 हजार कुत्तों की होगी नसबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और लगातार बढ़ रहे डॉग बाइट के मामलों को देखते हुए नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। निगम अब लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत से 10 हजार से अधिक आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण कराने की तैयारी में है।

शहर और आसपास के क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ रहा है। अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 10 से 15 डॉग बाइट के मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। वर्ष 2026 के पहले छह महीनों में ही 3616 लोगों के कुत्तों के काटने के मामले दर्ज किए जा चुके हैं। यदि यही स्थिति बनी रही तो इस वर्ष डॉग बाइट की संख्या पिछले वर्षों का रिकॉर्ड भी पार कर सकती है।

शहर के इतवारी बाजार, गोलबाजार, रामबाग बाजार, चिकन-मटन मार्केट तथा कई आवासीय इलाकों में आवारा कुत्तों के झुंड लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। राहगीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों पर हमले की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

नगर निगम के स्वास्थ्य सभापति नीलेश लूनिया ने बताया कि यह अभियान सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही कुत्तों के टीकाकरण, उनके संरक्षण और शेल्टर की व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जा रहा है। यह कार्ययोजना 5 साल के अंदर ही पूरा कर लिया जाएगा , जिसमें प्रति डॉग का खर्च अंकित रहेगा । उनका मानना है कि नसबंदी अभियान पूरा होने के बाद आवारा कुत्तों की संख्या में धीरे-धीरे कमी आएगी और डॉग बाइट की घटनाओं पर भी प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

## डॉग बाइट रोकने नगर निगम का बड़ा अभियान

### हर महीने चलेगा नसबंदी अभियान

नगर निगम ने आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। इसके तहत करीब 2 करोड़ रुपए की लागत से 10 हजार से अधिक आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी रेबीज टीकाकरण कराया जाएगा। अभियान का संचालन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। हर महीने सैकड़ों कुत्तों की नसबंदी का लक्ष्य रखा गया है, ताकि चरणबद्ध तरीके से पूरे शहर को कवर किया जा सके।



## साईं मंदिर, शिरडी धाम और रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में हुई विशेष पूजा

# गुरु पूर्णिमा पर जिलेभर में उमड़ी आस्था मंदिरों-विद्यालयों में गुरुजनों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गुरु पूर्णिमा का पर्व बुधवार को जिलेभर में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। नगर के मंदिरों, आश्रमों, शैक्षणिक संस्थानों तथा ग्रामीण क्षेत्र में विशेष धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने अपने गुरुजनों, संतों और शिक्षकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए पूजा-अर्चना की तथा सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना की।

इतवारी बाजार स्थित श्री साईं मंदिर, जिला अस्पताल परिसर के श्री साईं मंदिर तथा कुकरेल स्थित श्री शिरडी धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। विशेष पूजा, अभिषेक, आरती और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ बाबा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्री शिरडी धाम में भगवान का शाही श्रृंगार किया गया, जिसके बाद भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु भक्ति गीतों और जयघोष के साथ यात्रा में शामिल हुए। मंदिर परिसर में रुद्राभिषेक, हवन, वैदिक मंत्रोच्चार और महाप्रसादी वितरण का आयोजन भी किया गया।



रुद्री स्थित रुद्रेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का विशेष जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने जल, दुग्ध, बेलपत्र और पुष्प अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजता रहा।



विद्यालयों में भी गुरु पूर्णिमा का आयोजन गरिमामय वातावरण में हुआ। विद्यार्थियों ने शिक्षकों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंटकर और आरती उतारकर सम्मान किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रेरक उद्बोधन और गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गुरु के महत्व और जीवन में उनके मार्गदर्शन की भूमिका से अवगत कराया।

इधर, छत्तीसगढ़ अहिरवार (मोची) समाज द्वारा संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की गई। समाज के सदस्यों ने गुरु रविदास के संदेशों का स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। पूरे दिन जिले में भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन और प्रसाद वितरण के कार्यक्रमों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## नशामुक्ति व साइबर सुरक्षा का दिया संदेश



**कुरूद।** जनजागरूकता अभियान के तहत कुरूद पुलिस ने प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा, यातायात नियमों तथा महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए इससे दूर रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। सड़क सुरक्षा के तहत हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग, यातायात नियमों का पालन, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने तथा नाबालिगों को वाहन नहीं देने का संदेश दिया गया। साइबर अपराधों से बचाव के लिए फर्जी कॉल, लिंक, ओटीपी साझा करने, ऑनलाइन निवेश, नौकरी और लॉटरी के नाम पर होने वाली ठगी से सावधान रहने की सलाह दी गई।

साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में महिला एवं बाल सुरक्षा, पॉक्सो अधिनियम, बाल अधिकार और घरेलू हिंसा जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। सभी ने नशामुक्त, सुरक्षित और जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

## नाबालिगों को वाहन देना पड़ेगा महंगा, होगी कार्रवाई

- यातायात पुलिस ने अभिभावकों को दी कड़ी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नाबालिगों को वाहन देना अभिभावकों को महंगा पड़ सकता है। यातायात पुलिस ने नाबालिगों को वाहन चलाते पहली बार मिलने पर समझाइश व दूसरी बार पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई किये जाने की अभिभावकों को सख्त चेतावनी दी है। यातायात पुलिस एसपी भावना पाण्डेय के निर्देशानुसार नाबालिग वाहन चालकों के विरूद्ध लगातार विशेष अभियान चला रही है। अभियान के दौरान वाहन चलाते पाये गये नाबालिगों के अभिभावकों को यातायात कार्यालय बुलाकर उन्हें समझाइश दी जा रही है। इसके साथ ही उनका नाम-पता भी दर्ज किया जा रहा है। अभिभावकों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया जा रहा है कि पहली बार समझाइश के बाद यदि वही नाबालिग दोबारा वाहन चलाते हुये पाया जाता है तो मोटरयान अधिनियम के प्रावधान के अनुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जायेगी। पुलिस ने अभिभावकों को बताया कि नाबालिग को वाहन चलाने देना मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 199 ए के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। ऐसे मामलों में 25 हजार रूपये तक का जुर्माना, तीन वर्ष तक के कारावास का प्रावधान है। इसके साथ ही संबंधित नाबालिग के 18 वर्ष की उम्र पूरी होने के बाद भी निर्धारित अवधि तक ड्राइविंग लाइसेंस जारी किए जाने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।



### लाइसेंस मिलने के बाद ही वाहन दें

धमतरी पुलिस ने अभिभावकों से अपील की है कि अपने बच्चों को तब तक किसी भी प्रकार का मोटर वाहन चलाने की अनुमति न दें जब तक वे विधिवत ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त नहीं कर लेते। पुलिस का यह अभियान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, नाबालिगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा जिम्मेदार यातायात व्यवस्था स्थापित करने के उद्देश्य से निरंतर जारी रहेगा।

## सन 1999 के युद्ध में भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सैनिकों को दिया था मुंहतोड़ जवाब



- पूर्व सैनिकों ने मनाया कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला धमतरी के पूर्व सैनिकों ने कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कारगिल उद्यान में कारगिल विजय दिवस मनाया।

उन्होंने बताया कि सन् 1999 में पाकिस्तान ने भारत की भूमि का अतिक्रमण कर लिया था। भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सैनिकों को मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत की भूमि को पाकिस्तानी सैनिकों से मुक्त कराया। इस युद्ध में भारत के 527 सैनिक शहीद हुए थे। इन्हीं शहीद सैनिक को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रत्येक वर्ष कारगिल दिवस मनाया जाता है। इस कारगिल युद्ध में धमतरी जिले के 50 से भी अधिक पूर्व सैनिक शामिल हुए थे।

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष केपी साहू ने कारगिल युद्ध पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1999 में लड़ा गया यह युद्ध अब तक विश्व में सबसे अधिक ऊंचाई पर लड़ा गया युद्ध है जिसमें भारतीय सैनिकों ने अदम्य साहस से लड़ते हुए वीरता का परिचय दिया और भारत ने युद्ध नियमों का पालन करते हुए इस युद्ध को जीता। कार्यक्रम का संचालन अजय नामदेव ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिराम मधुकर जिला प्रचारक थे। अध्यक्षता मितेश जैन जनजागरण सेवा समिति ने की। विशिष्ट अतिथि शिरोमणि राव घोरपड़े, तिलक सोनकर, राकेश साहू, शेषनारायण गजेंद्र, गणेश प्रसाद साहू, मंजूषा साहू, गजानंद साहू, सतीश जैन, जगतराम साहू थे। मौके पर पूर्व सैनिक मुरारी लाल साहू, सुनील जॉन, ओमप्रकाश साहू, अजय पुरी गोस्वामी, प्राणसिंह सिन्हा, रघुनन्दन साहू, चन्द्र कुमार यदु, दशरथ नेताम, मनेश गिरी गोस्वामी, बोध कुमार साहू, टिकेश कुमार साहू, अरुण साहू, घनश्याम कैवर्थ, जौहर लाल मंडावी उपस्थित थे।




## अंचल की खबरें

### गुरुकुल विद्यासागर में छात्र परिषद का गठन

**धमतरी।** गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसी में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं लोकतांत्रिक मूल्य के विकास के उद्देश्य से छात्र परिषद का गठन किया गया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, सेवा भावना, अनुशासन तथा जिम्मेदारी, विद्यालय में अनुशासन, स्वच्छता, प्रार्थना, खेल, जल संरक्षण, स्वास्थ्य, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाने की शपथ दिलाई।



### विश्व बाघ दिवस पर नेहरू गार्डन में लगाए पौधे

**धमतरी।** विश्व बाघ दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं जैव विविधता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नेहरू गार्डन में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बेल, आम एवं सीताफल के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में वैभव जगने, प्रेम शंकर चौबे, दशरथ एवं खिकेश्वर ने सहभागिता करते हुए पौधरोपण किया तथा नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि बाघों सहित समस्त वन्यजीवों का भविष्य स्वस्थ वनों पर निर्भर है। प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।



### अटंग के 9 खिलाड़ी संभागस्तरीय कुराश प्रतियोगिता में चयनित

**कुरूद।** स्कूल गेम्स अंतर्गत आयोजित जिलास्तरीय कुराश चयन प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अटंग के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया है। 23 जुलाई को सेमरा में आयोजित प्रतियोगिता के आधार पर विद्यालय के 9 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में बालिका वर्ग में अंडर-17 की दिव्या साहू (52 किग्रा) तथा अंडर-19 की चांदसी साहू (63 किग्रा), डिंपल साहू (70 किग्रा) और चेतना साहू (70+ किग्रा) शामिल हैं। बालक वर्ग में अंडर-14 के थानेंद्र साहू (60+ किग्रा), अंडर-17 के प्रमोद (50 किग्रा), विक्रांत (55 किग्रा), ओमकुमार (73+ किग्रा) तथा अंडर-19 के द्रोण साहू (81+ किग्रा) का चयन हुआ है। सभी खिलाड़ी 7 सितंबर को भाटापारा (बलौदाबाजार) में आयोजित संभाग स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में भाग लेंगे।



### सशिमं में गुरु पूर्णिमा मनाई गई

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चता माध्यमिक विद्यालय आमातालाब धमतरी में गुरुपूर्णिमा का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं भारतमाता के छायाचित्र तथा महर्षि वेदव्यास के पूजन से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की जीविका साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेश यादव, गोपालराम साहू थे। अध्यक्षता प्राचार्य श्रीमती खेमिन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि केवल सिंग साहू थे। वरिष्ठ आचार्य देवेश यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा अब पहले जैसे नहीं रही। वर्तमान में सबको अनुशासन में रहने की आवश्यकता है। अनुशासित रहने पर ही वे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। वरिष्ठ आचार्य केवलसिंग साहू ने गुरु की महिमा का बखान किया। प्राचार्य खेमिन साहू ने बच्चों को आशीर्वचन दिया।



### स्कूल परिसर में फलदार एवं छायादार पौधे रोपे गए

धमतरी। ग्राम पंचायत मुजगहन के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में इको क्लब के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आम, नीम, आंवला, जामुन तथा अन्य फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सरपंच होमेश्वर साहू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सकेगा। जनपद पंचायत सदस्य कीर्तन मीनपाल ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान प्रकृति के प्रति सम्मान और मातृत्व के प्रति हमारी श्रद्धा का प्रतीक है। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष नारायण सेन, प्राचार्य श्रीमती मोनिका गोस्वामी, शिक्षकगण एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस अवसर पर डेरहाराम यादव, नवीन साहू, राजकुमार सिन्हा, कमलवंशी, कौशिक, ज्योति मीनपाल, रुबीना नागरची, गीता साहू, वेदवती साहू उपस्थित थे।



### पशु सखियों ने सीखा आधुनिक पशुपालन का व्यवहारिक ज्ञान

**धमतरी।** बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी, धमतरी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही पशु सखियों के लिए आयोजित शैक्षणिक भ्रमण उनके लिए सीखने और आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रेरक अवसर साबित हुआ। भ्रमण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पशु सखियों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक पशुपालन की व्यवहारिक जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाकर ग्रामीण पशुपालकों तक गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ पहुँचाने के लिए तैयार करना था। भ्रमण के प्रथम चरण में प्रतिभागियों ने दुग्ध शीत केन्द्र, मुजगहन का अवलोकन किया।

## खबर संक्षेप



### बारिश से सड़क पर हुए गड्ढे, तत्काल मरम्मत की मांग

**धमतरी।** मूसलाधार बारिश के कारण ग्राम रत्नाबांधा स्थित रत्नेश्वरी दुर्गा मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर पानी सड़क के ऊपर से बहने लगा है। लगातार जलभराव के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के पानी में गड्ढे दिखाई नहीं देने के कारण मोटरसाइकिल, ऑटो एवं अन्य छोटे वाहन गड्ढों में फंस रहे हैं। कई मोटरसाइकिल एवं ऑटो मौके पर ही पलट चुके हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ गया है। जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने संबंधित विभाग एवं जिला प्रशासन से मांग की है कि रत्नेश्वरी दुर्गा मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर बने गड्ढों को तत्काल भरने एवं सड़क की आवश्यक मरम्मत कराई जाए।

### अंवरी स्कूल में साइकिल का वितरण



**अंवरी।** ग्राम अंवरी में कक्षा 9 वीं की छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष फलेन्द्र ध्रुव, सरपंच हितेन्द्रनाथ मण्डल, लेखराम साहू, सुनील कुमार गायकवाड़, बालाराम ध्रुव, पवन कुमार यादव, रंजीत गायकवाड़, भुनेश्वर साहू, प्राचार्य नरेन्द्र कुमार मेश्राम, व्याख्याता पीएन साहू, व्याख्याता आईआर साहू, केएल यादव, एलबी साहू, स्वाति टण्डन, वत्सला चन्द्राकर, पी. सिन्हा, के. पिल्लई उपस्थित थे।

### युवक ने खुदकुशी की, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत कालागांव निवासी 19 वर्षीय कौशल जयंते पिता भागवत जयंते ने अपने घर परछी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे ने अज्ञात कारणों के चलते 27 जुलाई को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत कोयगांव निवासी 28 वर्षीय रामसिंह कड़ियाम पिता स्व. बैसुराम कड़ियाम ने 27 जुलाई की शाम को 5 बजें फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था। अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।



एकलव्य खेल मैदान



सिहावा रोड फॉरेस्ट विभाग



रुद्री रोड में भरा पानी

### कई वार्डों में सड़कें और गलियां बनीं तालाब, निगम ने शुरू की राहत कार्रवाई

# लगातार बारिश से धमतरी जलमग्न, वार्डों में जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

पिछले 24 घंटे से लगातार हो रही तेज बारिश ने धमतरी शहर की व्यवस्था की परीक्षा ली। अनेक वार्डों, कॉलोनियों और प्रमुख सड़कों पर जलभराव होने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर घरों में पानी घुस गया, जबकि निचले इलाकों में रहने वाले परिवारों को पूरी रात सतर्क रहना पड़ा। नगर निगम की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर पानी निकासी का कार्य शुरू किया और मोटर पंप लगाकर हालात सामान्य बनाने का प्रयास किया। लगातार बारिश के कारण रामपुर वार्ड, डबरीपारा, रुद्री रोड, बठेना वार्ड, एकलव्य खेल मैदान, मिशन मैदान, देव श्री टॉकीज मार्ग, विमल टॉकीज रोड, शिव चौक, बनियापारा, स्टेशनपारा, औद्योगिक वार्ड, नवागांव, मकेश्वर वार्ड, लालबगीचा, हाटकेश्वर और सोरिद-जोधापुर वार्ड सहित कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन गई। कई गलियों में घुटनों तक पानी भर जाने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया।

#### डबरीपारा में 3 फीट तक पानी भरा

रामपुर वार्ड के पार्षद प्रकाश सिन्हा ने बताया कि डबरीपारा की गली में 3 फीट तक पानी भर गया, जबकि डबरी से बाहर भी लगभग तीन फीट पानी जमा होने से आवागमन बाधित रहा। बठना वार्ड के पार्षद श्यामलाल नेताम ने बताया कि उनके वार्ड में कई घंटों तक पानी भरा रहने से लोगों को काफी दिक्कत हुई। रुद्री रोड और आसपास की कॉलोनियों में भी जल निकासी बाधित होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

#### रामपुर वार्ड में कच्चा मकान भरभराकर गिरा

भारी वर्षा के दौरान रामपुर वार्ड निवासी जगतराम का कच्चा मकान भी भरभराकर गिर गया। लगातार पानी भरने से मकान कमजोर हो गया था। वहीं सोरिद-जोधापुर वार्ड के माखन साहू, जगतराम साहू, रघुराम साहू, रमेश साहू, ढेलूराम निषाद, जगदीश निषाद, भूषण मरकाम और मन्नू मांडवी सहित कई नागरिकों ने बताया कि उनके क्षेत्र में घुटनों तक पानी भर गया था, जिससे दैनिक गतिविधियां प्रभावित रहीं।

#### मोटर पंप से पानी निकासी का कार्य शुरू

जलभराव की सूचना मिलते ही नगर निगम की टीमें प्रभावित इलाकों में पहुंचीं और नालियों की सफाई, अवरोध हटाने तथा मोटर पंप के माध्यम से पानी निकासी का कार्य शुरू किया। नगर निगम उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि लगातार बारिश के कारण कुछ स्थानों पर अस्थायी रूप से जलभराव हुआ था। जहां पानी अधिक जमा था, वहां तत्काल निकासी के लिए विशेष टीमों को लगाया गया और आवश्यक उपकरणों की मदद से पानी बाहर निकाला गया।

#### आमापारा वार्डवासियों को मिली राहत

उन्होंने बताया कि आमापारा वार्ड में पहले की तुलना में स्थिति बेहतर रही। बारिश के दौरान कुछ समय के लिए पानी जमा जरूर हुआ, लेकिन नालियों के माध्यम से कुछ ही मिनटों में निकासी हो गई, जिससे वार्डवासियों को राहत मिली। स्टेशनपारा के पार्षद छोटू वर्मा ने स्थायी जल निकासी व्यवस्था विकसित करने की मांग करते हुए कहा कि हर वर्ष बारिश में इसी प्रकार की समस्या सामने आती है।

## जगतगुरू के शिष्यों ने की गुरु वंदना

- गुरु की कृपा से ही ईश्वर की प्राप्ति : पं राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



रुद्री स्थित साहू सदन में गुरु पूर्णिमा पर गोवर्धन मठ पुरी के श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानन्द सरस्वती महाराज के दीक्षित शिष्य पहुंचे और मिलकर गुरु पूर्णिमा मनाई। नगर के धर्म प्रेमी और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं राजेश शर्मा जो जगतगुरु निश्चलानंद शिष्य भी हैं, ने भी गुरु वंदना की।

पं राजेश शर्मा ने गुरु से प्रार्थना करते हुए कहा कि पूज्य शंकराचार्य की कृपा, करुणा एवं दिव्य मार्गदर्शन हम सभी पर सदैव बना रहे। आपकी अमृतमयी वाणी तथा दिव्य आशीर्वाद हम सभी को निरंतर प्राप्त होता रहे और राष्ट्रसेवा के पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते रहे।

इस आयोजन में प्रदेश भर से जगतगुरू शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती के शिष्य पहुंचे। मौके पर सुनील साहू, नरेंद्र साहू, नागेश्वर मौर्य, बीएल श्रीवास्तव, एचआर सिन्हा, प्रदीप मिरानी, दिलीप सोनी, योगेश गांधी परिवार सहित शामिल हुए।

## समाज को एकता के सूत्र में बांधता है संत रविदास का संदेश

- संत रविदास को नमन करने देमार पहुंचे भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



संत रविदास की 650वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा समरसता संकल्प अभियान अंतर्गत विभिन्न सामाजिक एवं सेवाभावी कार्यों को आगे बढ़ाते हुए देश व प्रदेशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा छग प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने ग्राम देमार स्थित संत रविदास मंदिर में संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर श्री गांधी ने कहा कि आज समाज में व्याप्त विसंगतियों के कारण आपसी दूरियां बढ़ रही हैं। समतामूलक समाज के निर्माण में संत रविदास का संदेश अत्यंत सार्थक है जो हम सभी को एकता के सूत्र में बांधता है। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि संत समाज की अमूल्य धरोहर हैं। सार्वजनिक जीवन में सुचिता का समावेश संतों के संदेशों में समाहित है। मौके पर पार्षद कुलेश सोनी, ईश्वर चौरे, गुलाब चौरे, राजेश बिंझेकर, कुलेश्वर भांडेकर, अश्विनी चौरे, भागवत टांडेकर, सुरेंद्र चौरे, मुकेश चौरे, विनोद महोबे, आजूराम बिंझेकर, विजय जगने, पंचराम चौरे, मिलाप चौरे, विजय जगने, विनोद चौरे, संपत चौरे, भारत चौरे एवं प्रदीप चौरे उपस्थित थे।

## लगातार बारिश में भी आमापारा वार्ड में नहीं हुआ जलभराव

- पार्षद विजय मोटवानी की सक्रियता बनी राहत की वजह

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते जहां कई नदी-नाले उफान पर हैं और शहर के अनेक वार्डों में जलभराव की स्थिति बनी



रही, वहीं आमापारा वार्ड इस बार पानी सड़क पर महज कुछ मिनटों में ही निकासी हो गया। हर वर्ष बरसात में सबसे अधिक प्रभावित रहने वाले इस वार्ड में इस बार जल निकासी व्यवस्था बेहतर रहने से लोगों ने राहत की सांस ली। वार्डवासी इसका श्रेय पार्षद विजय मोटवानी की सक्रियता, सतत निगरानी और त्वरित कार्रवाई को दे रहे हैं। वार्डवासियों के अनुसार पिछले वर्षों में थोड़ी देर की तेज बारिश होते ही कई घरों में पानी घुस जाता था, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। लेकिन इस बार लगातार झमाझम बारिश के बावजूद जलभराव केवल कुछ समय के लिए ही रहा। बारिश के दौरान पार्षद विजय मोटवानी लगातार वार्ड में मौजूद रहे। उन्होंने स्वयं नालियों का निरीक्षण किया और जहां-जहां प्लास्टिक की झिल्लियां व अन्य कचरा जमा मिला, वहां तत्काल सफाई करवाई। नालियां साफ होते ही पानी का बहाव सुचारु हो गया।

## भारी बारिश से आमातालाब का किनारा टूटा

- मिट्टी के कटाव से खेतों और आवासीय कॉलोनियों पर खतरे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



लगातार हो रही बारिश का असर अब शहर के जलाशयों पर भी दिखाई देने लगा है। गौरव पथ मार्ग स्थित आमातालाब का किनारा तेज जलप्रवाह के कारण कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया है। मिट्टी के लगातार कटाव से तालाब के आसपास स्थित खेतों और आवासीय कॉलोनियों पर खतरे की आशंका बढ़ गई है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है।

वार्डवासी त्रिलोचन पटेल, जीवन साहू, जगदीश निषाद, तुकाराम साहू के अनुसार लगातार वर्षा से तालाब का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। पानी के अधिक दबाव के कारण किनारे की मिट्टी बह रही है और कई जगह गहरे कटाव बन गए हैं। इससे तालाब से लगी कृषि भूमि प्रभावित होने लगी है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो उनकी फसल और जमीन को नुकसान पहुंच सकता है।

आसपास की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों ने भी स्थिति को गंभीर बताते हुए प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि कटाव लगातार बढ़ने पर भविष्य में तालाब का पानी आबादी वाले क्षेत्र की ओर बढ़ सकता है।

स्थानीय नागरिकों ने नगर निगम और संबंधित विभाग से तालाब के किनारों को सुरक्षित बनाने के लिए पत्थर पिंचिंग, बोल्डर पैकिंग और मिट्टी भराव जैसे स्थायी कार्य जल्द शुरू कराने की मांग की है, ताकि बारिश के मौसम में किसी बड़े नुकसान से बचा जा सके।

## लालबगीचा वार्ड में बारिश के बीच विद्युत फाल्ट सुधारा गया

- वार्डवासियों को मिली राहत, बंद स्ट्रीट लाइट किया गया दुरूस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

लगातार हो रही वर्षा के कारण लालबगीचा वार्ड क्रमांक 03 के



कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट बंद हो गई थी तथा विद्युत पोल में करंट आने की शिकायतें प्राप्त हुईं, जिससे आमजन की सुरक्षा प्रभावित हो रही थी।

शिकायत मिलते ही वार्ड पार्षद श्रीमती हिमानी साहू ने तत्काल संज्ञान लेते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से मौके पर पहुंचकर खराब विद्युत व्यवस्था को शीघ्र ठीक कराया।



मूसलाधार बारिश के बावजूद समय पर की गई इस कार्रवाई से वार्डवासियों को बड़ी राहत मिली तथा संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सका।

## पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 400 खिलाड़ी दिखाएंगे दम

**धमतरी।** 12वीं राज्य स्तरीय ओपन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता 31 जुलाई से 2 अगस्त तक अग्रसेन भवन सिहावा चौक धमतरी में होगी। कोच देवेंद्र यादव, टिक्की निर्मलकर ने बताया कि समिति के अध्यक्ष लोकेश पवार, संरक्षक डॉ विकास अग्रवाल, उपाध्यक्ष भागवत यादव हैं। इस खेल में लगभग 400 खिलाड़ी अपना हुनर दिखायेंगे।

## सावन के स्वागत को तैयार धमतरी, शिवालयों में पूरी हुई तैयारियां

**धमतरी।** भगवान शिव की उपासना का पावन सावन मास गुरुवार 30 जुलाई से प्रारंभ हो रहा है। सावन के आगमन के साथ ही धमतरी शहर और आसपास का क्षेत्र शिवभक्ति के रंग में रंगने को तैयार है। रुद्री स्थित रुद्रेश्वर मंदिर में 40 दिन तक रामायण पाठ , श्री बुद्धेश्वर मंदिर में शिवमहापुराण कथा, श्री नागेश्वर मंदिर, श्री मकेश्वर मंदिर, श्री महाकालेश्वर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर समितियों ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और दर्शन की समुचित व्यवस्था की है।

सावन के पहले दिन से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शिवालयों में पहुंचने की संभावना है। भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना करेंगे। पूरे माह विशेष रूप से प्रत्येक सोमवार को मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। श्रद्धालु बेलपत्र, गंगाजल, दूध, दही, शहद, धतूरा और अन्य पूजन सामग्री अर्पित कर भोलेनाथ की आराधना करेंगे।

बोल बम कांवड़िया संघ ने भी कांवड़ यात्रा की तैयारियां पूरी कर ली हैं। 3 अगस्त को निकाली जाने वाली कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल होकर पवित्र जल से भगवान शिव का अभिषेक करेंगे। इसके अलावा कई मंदिरों में कथा, सामूहिक रुद्राभिषेक, भजन संध्या और महाआरती जैसे धार्मिक आयोजन पूरे सावन मास आयोजित किए जाएंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

आपके बच्चों का पहला स्कूल
Aakriti Play School
ENGLISH MEDIUM
Play Group to Class - 8th
Regular Abacus Class
रूद्री रोड, कालिका मंदिर के पीछे
कर्मा चौक, धमतरी, मो.नं. 98264-32896

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक - स्थायी इलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

REGULAR CLASSES STARTING SOON!
PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
B.Sc. IN YOGA
B.A. IN YOGA
P.G.D.Y.N. POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA & NATUROPATHY
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
CONTACT US
+91: 8450022865, 9203563863, 9203622865, 9203722865 pioneerfound@email.com
ENROLL TODAY FOR A HEALTHY FUTURE!

पथरी का शर्तिया उपचार
क्या आपको ऑपरेशन की सलाह दी गई है? तो मिलिए वैद्य राकेश साहू जी से
बिना ऑपरेशन पथरी का आयुर्वेदिक दवाओं से संपूर्ण निदान दोबारा होने की संभावना नहीं, दोबारा होने पर नि:शुल्क इलाज
हमारे यहां सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, बवासीर, अंडकोष, चर्म रोग, सर्दी, खांसी, बुखार एवं अन्य समस्याओं का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा सफल उपचार। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे
ज्योति जनरल स्टोर के पास, बंजारी (भाटापारा) कुरुद, जिला-धमतरी मो. 62686-80119

हाटकेश्वर नागपंचमी महोत्सव 2026
काल सर्प दोष निवारण यज्ञ अनुष्ठान
17 अगस्त 2026, सोमवार
नागपंचमी पर्व पर सिद्ध पीठ नागमंदिर हाटकेश्वर में त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग नासिक के आचार्य पं. शिवा प्रसाद चतुर्वेदी एवं पं. कार्तिक शास्त्री के सानिध्य में विद्वान पंडितों के द्वारा काल सर्प दोष निवारण अनुष्ठान विधि विधान पूर्वक संपन्न कराया जाएगा।
पंजीयन 2101/- रुपये
संपर्क करें
99931-57703, 98278-32481
98935-70664, 98271-88577
समस्त श्रद्धालुओं से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारें